# पशुपालन क्षेत्र में भारत की बड़ी छलांग

**राष्ट्रीय गोकुल मिशन से 56 मिलियन किसानों को लाभ मिला**

**हर वर्ष 1.2 अरब से अधिक पशु टीकाकरण खुराकें दी गईं**



**नई दिल्ली/रोम. केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा है कि भारत का पशुपालन क्षेत्र पिछले कुछ वर्षों में 12.77 प्रतिशत की प्रभावशाली सीएजीआर ( ष्ट्नत्र्र) दर्ज करते हुए देश की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन गया है.**

रोम में खाद्य और कृषि संगठन में %सस्टेनेबल लाइवस्टॉक ट्रांसफॉर्मेशन% पर दूसरी ग्लोबल कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, मंत्री ने बताया कि यह क्षेत्र एग्रीकल्चर ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) में 31 प्रतिशत और देश की अर्थव्यवस्था में 5.5 प्रतिशत का योगदान देता है.

**दूध और अंडे के उत्पादन में विश्व में अग्रणी–** राजीव रंजन सिंह ने भारत की वैश्विक पहचान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश आज दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है, जिसका वार्षिक उत्पादन 239 मिलियन टन है और यह वैश्विक उत्पादन में लगभग एक-चौथाई योगदान देता है. इसके अलावा, भारत अंडों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक भी है.उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई किसान-केंद्रित पहलों और परिवर्तनों की सराहना करते हुए कहा कि इन कदमों ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और आजीविका को मजबूत करने में मदद की है.

**गरीबी में कमी और आजीविका समर्थन–** मंत्री ने कोरोना महामारी के बाद देश के कल्याणकारी उपायों का उल्लेख करते हुए बताया कि इन प्रयासों से 269 मिलियन लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया है. विश्व बैंक की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी की दर 27.1 प्रतिशत से घटकर अब 5.3 प्रतिशत रह गई है.उन्होंने जोर दिया कि लगभग दो-तिहाई ग्रामीण परिवारों और लाखों छोटे और सीमांत किसानों को स्थायी आजीविका प्रदान करने में पशुधन क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है.

### प्रमुख सरकारी पहल

पशुधन क्षेत्र में भारत द्वारा की गई प्रमुख पहलों की जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया–

**राष्ट्रीय गोकुल मिशन–** इसके माध्यम से देशी मवेशियों की नस्लों का संरक्षण और आनुवंशिक विविधता में सुधार किया जा रहा है, जिससे 92 मिलियन से अधिक पशुओं और 56 मिलियन से अधिक किसानों को लाभ मिला है.

**विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम–** भारत दुनिया का सबसे बड़ा पशुधन टीकाकरण कार्यक्रम चलाता है, जिसमें प्रमुख बीमारियों से निपटने के लिए हर वर्ष 1.2 अरब से अधिक खुराकें दी जाती हैं. देश अब उच्च गुणवत्ता वाले टीकों के उत्पादन और निर्यात का एक ग्लोबल हब बन गया है.

# हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री में जबरदस्त उछाल

**जीएसटी कटौती से किफायती सेगमेंट की मांग दोगुनी बढ़ी**

**नवरात्रि के पहले दिन ग्राहकों की संख्या दोगुनी हुई**

**नई दिल्ली. त्योहारी सीजन की जोरदार शुरुआत के साथ ही भारतीय दोपहिया बाजार में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई है. जीएसटी कटौती से 100सीसी और 125सीसी जैसे किफायती सेगमेंट में पहली बार वाहन खरीदने वाले ग्राहकों का खर्च कम हुआ है, जिससे लोगों का उत्साह अत्यधिक बढ़ गया है.**

देश की सबसे बड़ी दोपहिया निर्माता हीरो मोटोकॉर्प को देश भर में ग्राहकों की जबरदस्त रुचि और बिक्री में उछाल दिख रहा है. कंपनी ने अपने डीलरशिप पर गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है.

**तत्काल खरीद में तेज वृद्धि–** हीरो मोटोकॉर्प के इंडिया बिजनेस यूनिट के चीफ बिजनेस ऑफिसर आशुतोष वर्मा ने बताया, इस फेस्टिव सीजन का सबसे उल्लेखनीय पहलू तत्काल खरीद में हुई तेज वृद्धि है. नवरात्रि के पहले ही दिन, हमारे शोरूम में ग्राहकों की संख्या पिछले साल की तुलना में दोगुनी से अधिक हो गई.जीएसटी लाभों से प्रेरित ग्राहकों की पूछताछ में तेजी आई है, और शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही में 50% से अधिक का उछाल आया है. डिजिटल आकर्षण भी शानदार है, जिसमें ऑनलाइन सर्च लगभग तीन गुना बढ़ी है.

### उत्पादन क्षमता में वृद्धि

कंपनी ने 12 सेगमेंट-अग्रणी मॉडलों (जैसे डेस्टिनी 110, जूम 160, ग्लैमर एक्स 125) की फेस्टिव रेंज पेश की है. साथ ही, हीरो मोटोकॉर्प ने पहली बार ग्राहकों के लिए हीरो गुडलाइफ फेस्टिव कैंपेन शुरू किया है, जिसके तहत ग्राहकों को 100% कैशबैक और अन्य लाभ मिल रहे हैं.

# एसईसीएल ने पाँचवीं बार अरपा घाट को संवारा



**नागपुर, 30 सितंबर. साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए लगातार पाँचवें वर्ष अरपा नदी के छठ घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया.**

स्वच्छता ही सेवा – स्वच्छोत्सव 2025% अभियान के अंतर्गत, गुरुवार को 1 घंटा – 1 दिन – 1 साथ की थीम पर यह सामूहिक श्रमदान आयोजित किया गया. इस पहल में एसईसीएल परिवार के लगभग 100 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. अभियान का नेतृत्व सीएमडी हरीश दुहन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया. टीम एसईसीएल ने अरपा नदी तट की गहन सफाई की. स्वयंसेवकों ने घाट परिसर से बड़ी मात्रा में कचरा, प्लास्टिक की बोतलें और अन्य अपशिष्ट एकत्र कर उन्हें बैग्स में भरा.

# वेगा और निटप्रो ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**नोएडा, 30 सितंबर. वेगा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और निटप्रो इंटरनेशनल ने संयुक्त रूप से चेयरमैन आर. सी. जैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया.**

यह शिविर 26 सितंबर को निटप्रो परिसर (एनएसईजेड) और 27 सितंबर को वेगा इंडस्ट्रीज के सेक्टर 80, 136, और 155 स्थित विभिन्न परिसरों में आयोजित किया गया.एवीपी – एचआर, सतेंद्र वशिष्ठ ने कहा, यदि आप रक्तदाता हैं, तो आप कहीं न कहीं किसी ऐसे व्यक्ति के हीरो हैं, जिसे जीवन का यह अनमोल उपहार मिला.

कर्मचारियों की जबरदस्त प्रतिक्रिया के चलते, इस नेक कार्य में उत्साह से भाग लेने वाले स्वयंसेवकों ने कुल 98 यूनिट रक्त सफलतापूर्वक एकत्र किया.

# गुरुग्राम में खुला एडवांस पायलट ट्रेनिंग हब

**गुरुग्राम, 30 सितंबर. भारतीय विमानन उद्योग में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए, एयर इंडिया ने विमान निर्माता कंपनी एयरबस के साथ मिलकर गुरुग्राम में एक अत्याधुनिक पायलट प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया है.**

यह केंद्र न केवल पायलटों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाएगा, बल्कि देश को वैश्विक विमानन मानचित्र पर और मजबूत स्थान दिलाने की दिशा में भी एक निर्णायक कदम है. टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया और फ्रांसीसी विमान निर्माता एयरबस ने मिलकर हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एयर इंडिया एविएशन प्रशिक्षण अकादमी में एक एडवांस्ड पायलट प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की है.

इसका उद्घाटन केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने किया, जिसमें एयरबस और एयर इंडिया के शीर्ष अधिकारी भी मौजूद रहे.

## रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर



**नई दिल्ली.** वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं और विदेशी पूंजी की सतत निकासी के भारी दबाव के बीच भारतीय रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया. रुपया चार पैसे टूटकर 88.79 (अस्थायी) प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निम्न स्तर पर बंद हुआ.

# भारत फिर बना आईसीएओ परिषद का गर्वित सदस्य

**नई दिल्ली, 30 सितंबर. भारत ने एक बार फिर अपनी वैश्विक कूटनीतिक क्षमता और उड्डयन क्षेत्र में योगदान को साबित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की परिषद के लिए दोबारा सदस्यता हासिल की है.**

यह चुनाव 27 सितंबर को मॉन्ट्रियल में आयोजित 42वीं आईसीएओ सभा के दौरान संपन्न हुआ, जिसमें भारत को पिछले चुनाव की तुलना में अधिक समर्थन मिला. भारत को 27 सितंबर को मॉन्ट्रियल में हुए आईसीएओ की 42वीं सभा के दौरान परिषद के भाग-2 के लिए पुन: चुना गया है. यह भाग उन देशों को समर्पित है जो अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन के लिए आवश्यक सुविधाओं में उल्लेखनीय योगदान देते हैं. भारत को इस बार 2022 के मुकाबले ज्यादा वोट मिले, जो इसके बढ़ते अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और विमानन क्षेत्र में नेतृत्व को दर्शाता है.

इस अवसर से पहले, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 2 सितंबर को नयी दिल्ली में एक विशेष स्वागत समारोह का आयोजन किया था, जिसमें मंत्री राममोहन नायडू ने भारत की उम्मीदवारी का समर्थन माँगा था. भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने भी दुनिया भर के सदस्य देशों से लगातार संवाद बनाए रखा, जिससे भारत के प्रति समर्थन को और बल मिला.

भारत, जो आज दुनिया के सबसे तेज़ी से बढ़ते विमानन बाजारों में से एक है, अब सिर्फ उड़ानों तक सीमित नहीं है. विमान निर्माण, रखरखाव, तकनीकी कौशल और अनुसंधान में भी उसका योगदान बढ़ रहा है. इसी वजह से वैश्विक कंपनियाँ भारत की ओर आकर्षित हो रही हैं. गौरतलब है कि भारत 1944 से ही आईसीएओ का संस्थापक सदस्य रहा है. नीति निर्माण और नियामक ढाँचे में भारत की सक्रिय भागीदारी उसे इस वैश्विक मंच पर एक विश्वसनीय भागीदार बनाती है. आईसीएओ की यह परिषद तीन वर्षों के लिए चुनी जाती है और 193 सदस्य देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय विमानन के मानकों को तय करती है. भारत की पुन: सदस्यता इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक मंचों पर उसका प्रभाव लगातार बढ़ रहा है.

## शेयर बाजार में लगातार गिरावट

**मुंबई.** विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी निकासी और वैश्विक कारकों को लेकर जारी चिंता के कारण घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार आठवें दिन गिरावट रही. बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स इन आठ दिनों में 2,746 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 812 अंक टूट चुका है. सेंसेक्स सुबह बढ़त में था लेकिन बाद में उतार-चढ़ाव से होता हुआ अंतत: 97.32 अंक (0.12 प्रतिशत) नीचे 80,267.62 अंक पर बंद हुआ. निफ्टी-50 भी 23.80 अंक यानी 0.10 फीसदी टूटकर 24,611.10 अंक पर बंद हुआ.


**भारतीय स्टेट बैंक** शाखा होम लोन सेन्टर-2 (सार्क विंग) | एचएलसी-2, भूतल, चिनार इनक्यूब, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के सामने, भोपाल (म.प्र.) फोन नं. 0755-2983018

**आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) [13(4)]**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन के प्रतिभूति-हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13 (2) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम (3) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय स्टेट बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नलिखित ऋणी एवं जमानतदारों को मांग सूचना निम्नलिखित दिनांक के अनुसार जारी किया। इस नोटिस की पावती की दिनांक से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने केलिये कहा गया था।
ऋणी/जमानतदारों द्वारा उक्त राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी/जमानतदारों को और आम जनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम (8) के अधीन, निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित सम्पति को उनके सामने दर्शाये गये दिनांक को कब्जे में लिया है। ऋणी/जमानतदारों को विशेष रूप से आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति बाबत् कोई व्यवहार नहीं करें और इस सम्पत्ति के बाबत् किए गये कोई भी व्यवहार **भारतीय स्टेट बैंक, शाखा एचएलसी-2, होशंगाबाद रोड, भोपाल** को देय ब्याज एवं खर्चो के अध्यधीन प्रभार (Charge) होगा। इस बावत, ऋणी/जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (Redeem करने) के संबंध में अधिनियम की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| बकायादार का नाम | 60 दिवस मांग सूचना दिनांक | नोटिस राशि राशि रू. | बंधक सम्पत्ति का विवरण एवं भवन/प्लॉट की सीमाएँ/स्थिति |
|---|---|---|---|
| **1. श्रीमती राखी सक्सेना पुत्र श्री अमित सक्सेना 2. श्री अमित सक्सेना पुत्र श्री प्रेम नारायण सक्सेना** दोनो पता:- म. नं. जी-255, कोरल लाईफ, ग्राम कारोंद कलां, भोपाल (म.प्र.) | **03/07/2025** कब्जा दिनांक **25/09/2025** | 1) HL- 41004009016 **Rs. 17,23,249.00** 2) HL- 41037157885 **Rs. 65,551.00** 3) HL- 41412700873 **Rs. 7,34,954.00** + देय ब्याज व अन्य खर्च | रहवासी मकान सम्पत्ति म. नं. जी-255, कोरल लाईफ, ग्राम कारोंद कलां, भोपाल (म.प्र.), **क्षेत्रफल** 600.40 वर्ग फिट, **सीमाएं-** पूर्व: प्लॉट नं. एल-3, पश्चिम: कॉलोनी रोड, उत्तर: प्लॉट नं. जी-254, दक्षिण: प्लॉट नं. जी-256, **सम्पत्ति का मालिक: 1.** श्रीमती राखी सक्सेना पत्नी श्री अमित सक्सेना एवं 2. श्री अमित सक्सेना पुत्र श्री प्रेम नारायण सक्सेना। |

दिनांक 29.09.2025 — **प्राधिकृत अधिकारी**



BAJAJ FINSERV

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
बजाज फाईनान्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः मुंबई–पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे–411035

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

TQRCG स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे – gold.auction@bajajfinserv.in

(10-11-25) भोपाल–इमामी गेट रोड; PF46GOL13637660, 13679832, 13680524, 13808136.भोपाल - इंद्रपुरी; PF49GOL13610659. भोपाल - करोड़; PJD2GOL13646990, 13826189. (11-11-25): बीना – इटावा स्टेशन रोड; PCA6GOL13406450. डाबरा - मैन रोड; PKH4GOL13508817, 13619133, 13780581. दतिया – सीता सागर; P34EGOL13759585, 13779024. गाडरवारा इंद्रा वार्ड; PKA3GOL13460249. (12-11-25) गंज बसौदा - मैन रोड़; P02WGOL13473523, 13619882, 13818864. गुना – ए बी रोड; PEH2GOL13579827, 13810744. ग्वालियर सिटी सेन्टर; PCA7GOL13405911, 13463676, 13626051, 13623101, 13628112. (13-11-25) ग्वालियर गोले का मंदिर; PJD1GOL13409243, 13495433, 13489767, 13506305, 13607372, 13606713, 13605470, 13628653, 13619540, 13640820, 13642025, 13713910, 13763859, 13776299, 13799340, 13823386. ग्वालियर - नया बाजार; PF25GOL13529774, 13588401, 13606017, 13741127. ग्वालियर विनय नगर; PEF2GOL13479912, 13560691, 13583414, 13645526, 13660957, 13761129. होशंगाबाद मीनाक्षी चौक; PCA9GOL13478303, 13478910, 13588594, 13588198, 13639757, 13681319, 13718231, 13760185, 13808067, 13823434. (14-11-25): इंदौर अन्नपूर्णा रोड; PER2GOL13806048. इंदौर विजय नगर; PGJ9GOL13638213, 13655574, 13675227, 13719916, 13742347, 13758207. इटारसी - सराफा बाजार; P03WGOL13494277, 13681502, 13715953, 13716768, 13764933. (17-11-25) जबलपुर–दीनदयाल चौक; PEH4GOL13624546, 13697468, 13808201, 13824595. जबलपुर - राइट टाउन; PGO3GOL13434320, 13425924, 13462909, 13460643, 13508152, 13742854, 13804277. मुरैना–शिवनगर; PJC8GOL13534274, 13609988, 13625374, 13662423, 13699473, 13704330, 13714914, 13744717, 13781283, 13823751. पोरसा - BGL; P14PGOL13533641, 13565902. (18-11-25) रीवा - BGL; P4A7GOL13461302, 13463661, 13512264, 13532017, 13547744, 13717563, 13746008, 13746040, 13809381, 13825073. सागर पारकोटा; PLL1GOL13665584. सतना रीवा रोड; PCP2GOL13550405, 13643689. (19-11-25) शहडोल- BGL; P6E0GOL13407447, 13576503. श्योपुर शिवपुरी रोड; PLC3GOL13592495, 13642707, 13803629. शिवपुरी – एबी रोड; PEH3GOL13443037, 13512212, 13642005, 13643555, 13824024.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**



सीएसआईआर CSIR भारत का नवाचार इंजन The Innovation Engine of India

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)**
**अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001**
**विज्ञापन सं. 05/2025**

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), सीएसआईआर- सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर- इम्टैक), चंडीगढ़ के निदेशक के पद हेतु सीएसआईआर में लागू भत्तों सहित पे-मैट्रिक्स के लेवल 15 (रु. 1,82,200-2,24,100) में आवेदन/नामांकन आमंत्रित करता है।

पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तों के लिए, कृपया सीएसआईआर की वेबसाइट www.csir.res.in पर विस्तृत/पूर्ण विज्ञापन संख्या 05/2025 देखें। आवेदन/नामांकन पूर्ण बायोडाटा और प्रकाशनों/पेटेंटों आदि की सूची सहित ई-मेल के माध्यम से ई-मेल आईडी drc.hqrs@csir.res.in पर अथवा डायरेक्टर रिक्रूटमेंट सेल, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएस आईआर), अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 को डाक द्वारा दिनांक 30/10/2025 से पहले भेजें।

**CBC36202/12/0018/2526**



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया।है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 106511455 | संपत्ति के बदले ऋण | 30.08.2025 | 6,26,361.77/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं के नाम:** 1. मनोज सिंह 2. निकिता मनोज

**संपत्ति का पता:** प्लॉट/मकान नंबर 318 के सभी टुकड़े और पार्सल, जिसका माप 4300 वर्ग फीट यानी 399.63 वर्ग मीटर है और निर्मित क्षेत्रफल 400 वर्ग फीट जीएफ आरसीसी और 400 वर्ग फीट कबेलु है, जो सर्वे नंबर/आबादी खसरा नंबर 309/2, वार्ड नंबर के बाहर शामिल है। 13, गाँवः रामनगर, तहसीलः इछावर, फोन नं.15, जिलाः सीहोर, मध्य प्रदेश राज्य-466115 में स्थित है, और सह-स्वामित्व विलेख के अनुसार सीमाओं से घिरा हुआ हैः पूर्वः जसमत की भूमि, पश्चिमः कृपाल का घर, उत्तरः सी.सी. रोड, दक्षिणः जितेंद्र का घर

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 13 ) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**
दिनांक: 01.102025
स्थान: सीहोर
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**



CENTRUM Home Loans — Aao milkar ghar banaye

कॉर्पोरेट और पंजीकृत कार्यालय: यूनिट नंबर 801, सेंट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलिना सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई - 400098, सीआईएन नंबर U65922MH2016PLC273826
सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड कार्यालय नंबर 2 मंजिल, 30 फ्रीगंज, रतलाम - 457001, मध्य प्रदेश।

सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत उधारकर्ता/ऋणकताओं से देय राशि की वसूली हेतु नीचे उल्लिखित सुरक्षित परिसंपत्ति का कब्जा लेने के अनुसरण में, अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो भौतिक कब्जे में है, की खरीद के लिए सीलबंद लिफाफों में 'जैसा है जहाँ है', 'जैसा है जो है' के आधार पर प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

| स. क्रं. | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ गारंटर/ऋण खाता संख्या/ शाखा | आज तक कुल बकाया | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य ((RP) | बयाना राशि जमा राशि (EMD) 10% |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नर्वदा प्रसाद पंथी, रोशनी बाई और विशाल सिंह (गारंटर) BHOVD23009870 | रु. 4,33,425/- (चार लाख तैंतीस हजार चार सौ पच्चीस मात्र) 31-12-2024 तक | अधिकारों में, अचल संपत्ति का टुकड़ा और पार्सल प्लॉट संख्या 77, प्रवेश 450 वर्ग फुट, श्री बालाजी गोल्डन सिटी, ग्राम हसनाबाद, पी.एच. संख्या 67 नया 08, विशिष्ट ग्राम 46/67, सर्वे संख्या 30/3/1, जिला - विदिशा-464001, मध्य प्रदेश। सीमाएँ: - पूर्वः - प्लॉट संख्या 70 और 71 पश्चिमः - कॉलोनी रोड उत्तरः - प्लॉट संख्या 78 दक्षिणः - प्लॉट संख्या 76 | रु. 2,50,000/- (बारह लाख पचास हजार मात्र) | रु. 25,000/- (एक लाख पच्चीस हजार मात्र) |

1. नीलामी "जहाँ है जैसी है" और "जो है जैसी है" के आधार पर आयोजित की जा रही है। 2. नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें निर्धारित निविदा प्रपत्र में शामिल हैं, जो उपर्युक्त शाखा कार्यालय में उपलब्ध है। 3. निर्धारित निविदा प्रपत्रों में सीलबंद बोली/प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि, 'सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से देय ईएमडी के साथ, केवाईसी के साथ, 11-11-2025 को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर जमा करनी है। जो निविदाएँ पूरी तरह से नहीं भरी गई हैं या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त हुई हैं, उन्हें अमान्य माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। 4. अचल संपत्ति के निरीक्षण की तिथि 10-11-2025 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक है। 5. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव नीलामी खोलने की तिथि 12-11-2025 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक उपर्युक्त शाखा कार्यालय के पते पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक है। 6. क्रेता को नीलाम की गई संपत्ति के संबंध में लागू स्टाम्प शुल्क/अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क/हस्तांतरण शुल्क, शुल्क आदि और सभी वैधानिक बकाया, कर, दर निर्धारण, सरकारी और अर्ध-सरकारी कर, टीडीएस और अन्य शुल्क, फीस आदि वहन करना होगा। ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्ति का कब्जा सीएचएफएल के पास है, जो उपरोक्त के अनुपालन पर सफल बोलीदाता को शांतिपूर्ण कब्जा सौंप देगा। इच्छुक बोलीदाता को संपत्ति के भार और शीर्षक के संबंध में स्वतंत्र रूप से पूछताछ करनी चाहिए और स्वयं का निरीक्षण और संतुष्टि भी करनी चाहिए। 7. संपत्तियों को अपने नाम पर स्थानांतरित कराने के अन्य सभी खर्च और वैधानिक बकाया, यदि कोई हो, सफल क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे। 8. उच्चतम बोलीदाता सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अनुमोदन के अधीन होगा। प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए प्राप्त सभी प्रस्ताव/बोली को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखेगा। उसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। 9. उधारकर्ता/गारंटर को एतद्वारा SARFAESI अधिनियम, 2002 के तहत 30 दिन का विक्रय नोटिस दिया जाता है कि वे नीलामी की तिथि से पहले उपरोक्त राशि का भुगतान करें, अन्यथा अचल संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी और शेष राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागतों के साथ वसूल की जाएगी। यदि उधारकर्ता बिक्री की तिथि से पहले सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को देय राशि का पूरा भुगतान कर देता है, तो नीलामी रद्द कर दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए, कृपया ऊपर दिए गए कार्यालय पते पर प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें। संपर्क व्यक्ति - 1. श्री अंकित विग - 8668943242 2. श्री प्रशांत सोनी 8461809049

**एसडी/-**
**स्थानः मध्यप्रदेश, दिनांक : 01.10.2025** — **अधिकृत अधिकारी सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के लिए**